Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding running of local trains from Muzaffarpur Parliamentary Constituency.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): सभापति महोदय, आज़ादी के बाद सभी सरकारों में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ते रहे, जिसके कारण मध्यवर्गीय गरीब लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक यात्रा करने में काफी खर्च उठाना पड़ता है। इसके कारण लोग रोडवेज की गाड़ियों से यात्रा करने से परहेज करते हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में लोकल ट्रेनों की संख्या काफी कम कर दी गई है, जिसके कारण मेरे लोक सभा क्षेत्र मुजफ्फपुर में मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर से समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर से मोतिहारी एवं मुजफ्फरपुर से हाजीपुर आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उनको काफी खर्च भी उठाना पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि इन रूटों पर सुबह और शाम के समय लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए एवं छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी उन लोकल ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया जाए, ताकि दैनिक यात्रियों जैसे स्कूली बच्चों, सरकारी नौकरी करने वालों एवं रोजमर्रा के व्यापार करने वाले यात्रियों को सहूलियत हो सके। धन्यवाद।